देवघर
मंगलवार, 22 नवंबर 2022
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत् 2079
मूल्य ₹ 3.00 कुल पृष्ठ 12
आमंत्रण मूल्य ₹ 2.00
epaper.indianpunch.com
वर्ष: 41, अंक: 316, रजिस्ट्रेशन: 39728/84

संताल परगना से प्रकाशित प्रथम हिन्दी दैनिक
# इंडियन पंच
तटस्थ दिखे, निष्पक्ष लिखे

ओडिशा में दो शक्ति पीठों के विकास ... 9

सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कंबोडिया पहुंचे राजनाथ



## रमेश गोयनका मेमोरियल टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन

# जनहित के कार्य को आगे बढ़ाने का विद्यालय का प्रयास सराहनीय : देवाश्री

**गोयनका ने आजीवन शिक्षा व समाज हित में अपना विशेष योगदान दिया : मंजू**

आसनसोल । संवाददाता



दिल्ली-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग-02 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में रमेश गोयनका मेमोरियल टैलेंट हंट प्रतियोगिता-2022 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आसनसोल, रानीगंज, दुर्गापुर, धनबाद समेत आसपास क्षेत्रों के स्कूली छात्रों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान एकल नृत्य, गायन, ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आरम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय सिनेमा जगत की प्रसिद्ध अभिनेत्री तथा बंगाली वाणिज्यिक सिनेमा की देवाश्री राय उपस्थित रहीं। डीपीएस आसनसोल के प्रो. वाइस चेयरपर्सन प्रतीक गोयनका ने देवाश्री राय को बुके भेंट कर और शॉल ओढ़ा कर गर्मजोशी से स्वागत किया। तीनों कलाओं में प्रतिभागियों को आयु के आधार पर अ, ह, ट तीन वर्गों में विभाजित किया गया। तीनों ही वर्गों में छात्रों ने एक बड़ी संख्या में भाग लेकर उत्साह का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 1000 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। ड्राइंग और पेंटिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ग्रुप अ के सार्थक मंडल ने प्रथम, यशस्वी अग्रवाल ने द्वितीय व नाव्या गोयनका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप ह की आराध्या दत्ता ने प्रथम, अंकित राज ने द्वितीय व अद्रिजा सेन तृतीय स्थान पर रहीं। ग्रुप ट की ऐशिकी भट्टाचार्य ने प्रथम, सौम्य बनर्जी ने द्वितीय व नेबानिता मंडल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गायन में ग्रुप अ की अन्वेषा साहा ने प्रथम, जियिशा राय ने द्वितीय व अनुराग मंडल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप ह के वैभव बनर्जी प्रथम, अरिजिका कोनर द्वितीय व रिद्धिमा सान्याल तृतीय स्थान पर रहीं। ग्रुप ट की आर्यामिता राय ने प्रथम, अनेषी दे ने द्वितीय व अरीन बनर्जी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नृत्य कौशल में ग्रुप अ की रंजान्या घोष प्रथम, ईशान साधु द्वितीय व वेदान्तिका दास तृतीय स्थान पर रहीं। ग्रुप ह की अस्मिता हालदार ने प्रथम, रिमझिम चंद ने द्वितीय व मुक्ता सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप ट के प्रियम बनर्जी प्रथम, पौलमी दैव द्वितीय व ईशानी सेनगुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं।

विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी ग्रुप के छात्रों को 05 हजार रुपये, द्वितीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को 04 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्रों को 03 हजार रुपये नकद धनराशि के साथ ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। तीनों ग्रुप के प्रत्येक वर्ग में 10-10 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार तथा भाग लेने वाले प्रत्येक छात्र को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अतिरिक्त दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल की संरक्षिका मंजू गोयनका, प्रो. वाइस चेयरपर्सन प्रतीक गोयनका, प्रधानाचार्य आरडी शर्मा और शहर के अनेक गणमान्य लोग एवं बहुत बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि देवाश्री राय ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन कर रमेश गोयनका के जनहित के कार्य को आगे बढ़ाने का विद्यालय का प्रयास सराहनीय है। संरक्षिका मंजू गोयनका ने कहा कि रमेश गोयनका आजीवन शिक्षा व समाज हित में अपना विशेष योगदान दिये हैं। उनका मानना था कि छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाना उनका कर्तव्य बनता है। ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर प्रतिभाओं की खोज, उन्हें एक नई दिशा दे सकते हैं। आज का कार्यक्रम उन्हीं के प्रयास का पहला कदम है। प्रो. वाइस चेयरमैन प्रतीक गोयनका ने कहा कि उनके पिता रमेश गोयनका कम कहने और अधिक करने में विश्वास करते थे। उनकी सकारात्मक सोच सदैव मार्गदर्शन करती रहेगी। एक बच्चे के असली हीरो उसके माता-पिता ही होते हैं, टीवी की दुनिया के काल्पनिक पात्र कदापि नहीं। प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने कहा कि यह प्रतियोगिता भविष्य की ऊंची छलांग का पहला कदम है। दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन आगामी वर्षों में अविश्रांत करता रहेगा। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता महत्वपूर्ण होती है। हार-जीत कदापि नहीं, उन्होंने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को शुभकामनाएं दीं तथा अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।